हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 28 मई, 2025

11 परीक्षा परिणाम और प्राचार्य की कार्यप्रणाली से ग्रामीण नाराज


12 राजकीय शिक्षण कॉलेज के सीबीएलयू में विलय


## खबर संक्षेप

### रावलधी आईटीआई में रोजगार मेला आज

**चरखी दादरी।** क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान के लिए बुधवार को रावलधी आईटीआई परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में तीन नामी कंपनियां 450 से ज्यादा पदों पर भर्ती करेंगी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेशों अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में कमेटी का भी गठन किया गया है। रोजगार मेले में आईटीआई रावलधी, कलाली, सांतौर, छपार पॉलिटेक्निक, एमएसएमई व जिला उद्योग केंद्र आदि शामिल हैं।

### बाल भवन में दो जून से समर कैंप होगा शुरू

**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद भिवानी के अध्यक्ष महावीर कौशिक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला बाल कल्याण परिषद भिवानी द्वारा स्थानीय बाल भवन में दो जून से समर कैंप शुरू किए जा रहे हैं। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए तरह-तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों में सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, इंग्लिश स्पोकन, डांस क्लास, योग, ड्राइंग व ताइक्वांडो आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए।

### रोजगार कार्यालय में आज लेगगा मेला

**भिवानी।** जिला रोजगार कार्यालय में 28 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड भिवानी द्वारा पात्र युवाओं को साक्षात्कार के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि इस मेले में विभिन्न पदों पर भर्ती की जानी है जिसके लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा आयु सीमा 21 से 45 वर्ष रहेगी। सहायक रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि प्रार्थी रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड, मूल प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में 9 बजे शुरू होगा।

# टॉवरों के लिए खेतों की बजाए वैकल्पिक रास्ते तलाशे जाएंगे

## टॉवर मामले में एसडीएम की मध्यस्था में किसानों व कंपनी अधिकारियों के बीच वार्ता

किसान, कम्पनी के अधिकारी तथा सरकारी अधिकारियों की एक कमेटी का गठन होगा और ये कमेटी गांव के राजस्व रिकार्ड में सरकारी रास्तों को तलाशेगी।



भिवानी। बैठक में शामिल होने से पूर्व उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते किसान तथा गांव बलियाली में लगा एक टॉवर (फाइल फोटो)



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बलियाली के खेतों में गौतम सोलर कंपनी के लिए टावर खड़े करने के मुद्दे को लेकर बलियाली के किसानों व कंपनी के अधिकारियों के बीच मंगलवार को उपमंडल नागरिक अधिकारी महेश कुमार की मध्यस्ता में लघु सचिवालय में बैठक हुई।

बैठक दो घंटे तक चली तथा काफी देर तक आपसी बहस हुई। किसानों ने दो टूक कहा कि वे अपने खेतों से लाइन नहीं जाने देंगे। बाद में किसान, कम्पनी के अधिकारी तथा सरकारी अधिकारियों की एक कमेटी का गठन होगा और ये कमेटी गांव के राजस्व रिकार्ड में सरकारी रास्तों को तलाशेगी। अगर सरकारी रास्ता मिलता है तो उस जगह से टॉवरों की लाइनों को निकाला जाएगा। अगर सरकारी रास्ता नहीं मिलता है तो फिर से किसान, कम्पनी के अधिकारी व सरकारी अधिकारियों के बीच बैठक का आयोजन होगा। उसमें आगे की रणनीति व बातचीत होगी। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में गांव बलियाली के किसान व कम्पनी के अधिकारियों को बुलाया गया। इस दौरान किसानों ने स्पष्ट कर दिया कि वे किसी कीमत पर अपने खेतों में से टॉवर व उनकी लाइन को नहीं जाने देंगे। इस मामले पर बहस भी हुई एसडीएम ने दोनों पक्षों की सुनी। इस दौरान किसानों का तर्क था कि उनको बिना किसी सूचना के उनके खेतों में टॉवर लगाने शुरू कर दिए। कायदे से किसानों की सहमति लेना बेहद जरूरी है। करीब दो घंटे तक बैठक चली। बैठक में सर्व सम्मति से सहमति बनी है कि दोनों पक्षों की एक कमेटी टावरों के लिए सार्वजनिक रास्तों की वैकल्पिक जगह की निशानदेही करेगी। इसमें सरकारी अधिकारी भी शामिल होंगे। यदि टावर लगाने की खेतों की बजाए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होगी तो फिर दोनों पक्ष वापिस एसडीएम साहब को लेकर दोबारा बैठक करेंगे और शान्तिपूर्ण सौहार्द ढंग से इसका समाधान तलाशेंगे। इसके लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें किसान, कम्पनी के अधिकारी तथा सरकारी अफसर भी शामिल होंगे।

वे गांव में जाकर राजस्व रिकार्ड में सरकारी रास्तें जांचेगे। सरकारी रास्तों से अगर टॉवर निकालने में कोई परेशानी नहीं होती तो उन जगहों से ही टॉवर स्थापित करके लाइन बिछाई जाएगी। इस बात पर सहमति बनने के बाद किसान व कम्पनी के अधिकारी वहां से चले गए। इससे पूर्व यह भी तय हुआ कि अगर सरकारी रास्ते पर टॉवर लगाने में कोई परेशानी होती है तो फिर से किसान व कम्पनी के अधिकारियों के साथ मीटिंग होगी। उसमें ही आगे की कोई रणनीति तय की जाएगी। सप्ताह पहले ग्रामीणों ने अपने खेतों में लगा रहे टॉवर के निर्माण को रोक दिया था। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद था। किसानों की तरफ से बलियाली के सरपंच सचिन सरदाना, अखिल भारतीय किसान सभा से कामरेड ओमप्रकाश, रामौतार बलियाली, राजेश कुंगड़, पूर्व पंच अंकित मलिक, चरणदास भाटिया, रविंद्र चावला, विक्रम, विजय असीजा, सुरेंद्र जाखड़, सुभाष डांगी, रमेश दांगी, लक्ष्मणदास, रिंकू असीजा, गौतम सोलर कंपनी से अंकित सांगवान, अनिल, मनीष शामिल रहे।

### बिना नोटिस दिए टॉवर लगाने शुरू किए थे

गौरतलब है कि किसानों को बगैर सूचित किए तथा कोई नोटिस दिए। अचानक कंपनी ने उनके खेतों में टावर खड़े करना शुरू कर दिया, जिससे संबंधित किसानों में तीव्र प्रतिक्रिया हुई और उन्होंने कंपनी द्वारा बिजली विभाग व पुलिस का सहयोग प्राप्त करने के बाद भी खेतों में टावर का काम बंद करवा दिया, तब जाकर प्रशासन ने बैठक बुलाकर यह बातचीत की है। तभी से गांव में तनाव बना हुआ है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांगों को लेकर लामबंद, प्रदर्शन का ऐलान

■ 15 जुलाई को प्रत्येक जिला मुख्यालय व 17 सितंबर को दिल्ली में होगा प्रदर्शन : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ के सदस्यों ने 15 जुलाई को देश भर में प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर 17 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर कूच की चेतावनी दी है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेश शर्मा, महासचिव राजबीर कादयान, भिवानी ब्लॉक महासचिव दिलबाग जांगड़ा ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की चंडीगढ़ में उच्च अधिकारियां से मिले थे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ 11 सूत्रीय मांगपत्र पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें कुछ मांगों पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि अब रिटायर्ड कर्मचारी संघने फैसला लिया है कि उनकी लंबित मांगों को लेकर 15 जुलाई को देशभर के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे, जिसके तहत लघु सचिवालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। 17 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 29 मई को रोहतक में प्रदेश स्तरीय मीटिंग आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं बल्कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है।

### चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक ने करवाई जांच

**भिवानी।** नांगल में ग्राम पंचायत नांगल की पहल पर निःशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया, जिसमें श्रीकृष्ण अस्पताल गांव लांबा के डॉक्टरों ने 100 से अधिक मरीजों की जांच की। इसमे मुख्य तौर पर आंख, नांक, कान, गला के मरीजों की जांचख्की गई तथा मौके ही मरीजों को दवाइयां व आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। बड़ी संख्या में गांव के बुजुर्ग, महिला व बच्चों ने इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप में अपनी जांच करवाई तथा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. नितिन, डॉ. दिनेश ग्रेवाल, डॉ. खुशी, डॉ. स्तुति मिश्रा, अनिल, विकास वर्मा सहित सरपंच कुलदीप आदि मौजूद रहे।

### शिकायतों का समय पर करें समाधान : डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो व एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिकायत के निपटारे के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा एक्शन टेकेन रिपोर्ट को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण एवं जनहितैषी योजना है, जिसकी स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नियमित समीक्षा करते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# हमेशा सीखने की कोशिश करें: उपायुक्त

■ पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में आयोजित महिला शक्ति शतरंज प्रतियोगिता के शुभारंभ पर उपायुक्त ने बच्चों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



अपनी प्रतिभा को उच्चतम स्तर तक निखारकर ऐसा बना लें कि आने वाले समय में हर क्षेत्र में आपके कार्य की मांग हो। युवा अवस्था प्रतिभा निखारने के लिए सबसे उपयुक्त है, ऐसे में विद्यार्थी अपने लक्ष्य को केंद्रित करते हुए पढ़ाई करें और हमेशा सीखने की कोशिश करते रहें। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने काठमंडी स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में आयोजित महिला शक्ति शतरंज प्रतियोगिता के शुभारंभ पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था से ही भविष्य के लिए तैयारी जरूरी है। इसके लिए प्रतिदिन के मेहनत को मामूली समय के लिए बढ़ा लें और इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिलेंगे। अगर हररोज केवल एक मिनट का समय भी बढ़ाया जाए तो महीने में 30 मिनट मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को केंद्रित करके ही मेहनत करें और अपनी प्रतिभा को उच्चतम स्तर तक निखारें। देखेंगे कि हर क्षेत्र में आपके कार्य की मांग होगी।

# अवैध खनन नहीं होगा बर्दाश्त :एसडीएम

■ अवैध खनन करने पर एक डंफर को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। वाहनों की जांच करते एसडीएम।

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि मंगलवार को अवैध खनन की चैकिंग करते हुए एक डंम्फर नम्बर HR-61-F-2222 को जब्त किया गया है। जिस पर नियमानुसार गणना के उपरांत जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज कई स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई। जहां चैकिंग करते एक अवैध खनन सामग्री से भरे हुए डंफर को पकङ कर पुलिस के हवाले किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई खनन वाहन बिना ई- रवानगी के पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। डीसी महावीर कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में अवैध खनन सामग्री से भरे डंफर को जब्त कर लिया गया है। मुख्यमंत्री व खनन एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग द्वारा स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए हैं कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन से जुड़ी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। एसडीएम ने बताया कि खनन एवं वाणिज्य विभाग व हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो की संयुक्त चेकिंग के दौरान गाड़ियो की ई- बिलिगं की जांच की गई। वहीं खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर खनन क्षेत्र और वाहनों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के ई-रवानगी की निगरानी कर रही हैं। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग द्वारा 24 गुणा 7 की एक बेहतर तालमेल करके अवैध वाहनों की निरंतर चैकिंग जा रही है।

# हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों की समीक्षा

■ आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर, मांगेराम व श्याम शुक्ला दो दिवसीय दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर, मांगेराम व श्याम शुक्ला ने जिला भिवानी में अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रथम दिन मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल व एसडीएम महेश कुमार के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े मुद्दों, किशोर न्याय बोर्ड व बाल कल्याण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोग के सदस्यों ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल अधिकारों के सार्वभौमिकता और अखंडता के सिद्धांतों पर बल देता है तथा देश के बच्चों से जुड़ी सभी नीतियों में अत्यावश्यकता की आवाज को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान करता है। समीक्षा बैठक में चाइल्ड वेलफेयर सदस्य रोशन लाल, रमेश कुमार, सतेंद्र तंवर, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य काजल अग्रवाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊषा, संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# आयल मिल में शार्ट सर्किट से लगी आग

■ फायर ब्रिगेड ने तीन घंटे में आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

कस्बे की श्री शयाम आयल मिल मे शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों की मशीन, तेल व अन्य प्रोड1ट जलकर राख हो गए। घटना की सुचना पर तुरंत मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मुश्किल से तीन घंटे में आग पर काबू पाया।

पीड़ति व्यापारी ने बताया कि अभी तक पच्चीस से तीस लाख का नुकसान होने की संभावना है और उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच करवा कर नुकसान की भरपाई की मांग की है। कस्बे में संचालित श्री शयाम आयल मिल में रात्रि लगभग साढे दस बजे अचानक ही मिल की बिजली आपूर्ति करने वाले हिस्से से तेज चिंगारियां उठने लगी और देखते ही देखते सारे परिसर में रखी कच्ची व पककी सामग्री उसकी चपेट में आ गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम कर्मचारियों ने पहले सारी मिल का मुआयना कर शार्ट सर्किट के वायर काटे और उसके बाद आग को बुझाने में जुट गए। मिल मे तेल के भंडारण व कीमती मशीनों के फटने से और जयादा नुकसान का भय के बावजूद तीन घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड कर्मी सतीश कुमार, मिल संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि जिस समय आग लगी उसपर समय पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि बिजली के उपकरणों, खाद्यान्न उत्पादन की कच्ची व पककी सामग्री व गर्म तेल से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



भिवानी। खिलाड़ियों को खेल किट वितरित करते हुए।

# हॉकी खिलाडि़यों को की खेल किट वितरित

■ खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं खेल किट वितरण जैसी मदद : पीटीआई संजय

■ पंचपीर स्पोर्ट्स क्लब बापोड़ा व राजकीय विद्यालयों के प्राचार्या ने खिलाड़ियों को दी खेल किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेलों में भगीदारी कर राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पंचपीर स्पोर्ट्स क्लब बापोड़ा द्वारा मंगलवार को गांव बापोड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचपीर स्पोर्ट्स क्लब बापोड़ा ने खिलाडि़यों को 30 हॉकी तथा बल्लू दुकानदार ने हॉकी की 90 बॉल खिलाडि़यों को भेंट की। इसके अलावा गांव बापोड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश कौशिक व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विनोद सोलंकी ने 31-31 खेल किट हॉकी खिलाडि़यों को वितरित की। यह जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षक संजय यादव ने बताया कि बापोड़ा गांव खेलों का हब बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मदद से खिलाडि़यों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। खिलाडि़यों को खेल किट वितरित करते हुए पंचपीर स्पोर्ट्स क्लब बापोड़ा के सदस्यों व प्राचार्यो ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाडि़यों को उचित संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर राजेश भारद्वाज, जयकरण कोच, कंवरपाल सिंह, जगमोहन सिंह, संजय तंवर, गज्जे कोच, मोनी कोच, सुमित कोच, अरविन्द कोच सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## शिक्षा विभाग ने नेट बंद करने का जारी किया फरमान

# अब विद्यार्थियों को खुद के नेट से चलाने पड़ेंगे टैब

■ शिक्षा विभाग ने नौवी, दसवीं, ग्यारहवी तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को क्लास के सिलेबस के अलावा अतिरिक्त नॉलेज हासिल करने के लिए उपलब्ध करवाए गए थे टैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शिक्षा विभाग ने हाई व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को टैब में अनलिमिटेड नेट पर चाबुक चला दिया। अब इन बच्चों को टैब में नेट की सुविधा नहीं मिलेगी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्चों को टैब में डाली जाने वाली सिम अपनी तरफ से खरीदनी होगी या फिर विभाग जारी करेगा,लेकिन टैब में सिम चाहे किसी भी कम्पनी की हो,लेकिन नेट का खर्चा तो स्टूडेंट को ही वहन करना पड़ेगा। इस बारे में शिक्षा विभाग ने इसी माह से सिम बंद करने के निर्देश जारी किए है।

शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने नौवी, दसवीं, ग्यारहवी तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को क्लास के सिलेबस के अलावा अतिरिक्त नॉलेज हासिल करने के लिए टैब उपलब्ध करवाए गए थे। जिनको चलाने के लिए नेट व उन बच्चों को सिम भी दी गई थी। ताकि अनलिमिटेड डाटा से अतिरिक्त ज्ञान हासिल कर सके। इसके लिए



शिक्षा विभाग ने कोई शुल्क भी नहीं लिया,लेकिन अब इसी माह शिक्षा विभाग ने इस सुविधा से हाथ खींच लिया। हालांकि अभी बच्चों के पास टैब तो रहेंगे,लेकिन उन टैबों में लगाई जाने वाली सिम का नेट शिक्षा विभाग नहीं देगा और न ही उस नेट का रिचार्ज करवाएगा। अगर किसी बच्चे को अपने टैब पर नेट चलाना है तो अपनी सिम का प्रयोग करें और उसको रिचार्ज भी विद्यार्थी को ही करवानी पड़ेगी। इस बारे में विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी व स्कूल मुखियाओं को दिशा निर्देश जारी कर दिए है।

### नेट का होता है मिसयूज

माना जा रहा है कि शिक्षा विभाग ने टैब व उसमें प्रयोग होने वाला नेट का यूज की बजाए मिस यूज होने के चलते यह कदम उठाया है। विगत में शिक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ बच्चों ने अपने टैब की विंडो बदलवा दी और अपनी मर्जी के कार्यक्रम व यू टयूब देखने लगे। टैब में मिले अनलिमिटेड डाटा की वजह से विद्यार्थी इसका मिस यूज करने लगे थे। इससे विद्यार्थियों को फायदा होने की बजाए समय की बर्बादी होती रही है। अब अगर बच्चा खुद नेट की व्यवस्था करेगा तो व अनलिमिटेड की बजाए कोई ने कोई छोटी प्लान ले पाएगा। जिसका परिजनों को भी पता रहेगा।



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा

## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।*

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।



# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।



# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।



### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा

साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।



## खबर संक्षेप

### विद्यालय मुखियाओं को किया मोटिवेट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के लिए एबीआरसी राज कुमारी द्वारा सभी विद्यालय मुखियाओं को सूचित किया। बैठक सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में अधिकतर सभी विद्यालय मुखियाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सोहांसरा में रेलवे स्टेशन मार्ग पर गंदा पानी जमा

**लोहारू।** उपमंडल के गांव सोहांसरा के लोग इन दिनों प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण खासी परेशानी का सामना करने को मजबूर हैं। दरअसल सोहांसरा रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाला गांव का मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों गंदे पानी का दरिया बना हुआ है, जिसकारण यहां पैदल तो दूर वाहनों का गुजरना तक मुश्किल है। सरपंच राजकुमार के अनुसार मार्ग के सुधार को लेकर 56 लाख रुपये का टेंडर भी जारी कर दिया था, लेकिन ठेकेदार और संबंधित विभाग की कथित लापरवाही के कारण नाले का निर्माण कार्य अधर में पड़ा और लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं।

### सीएम ने योगाचार्य रेणु वर्मा को किया सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग द्वारा चलाए गए हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिले से श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला स्थित इंदौर धनुष ऑडिटोरियम में सम्मानित किया। कार्यक्रम भिवानी में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रश्मि शर्मा, जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ. संजय वैद्य, योग स्पेशलिस्ट डॉ. निशा खट्टर के दिशा निर्देशों में जिलेभर में मनाया गया।

### भंडारे में लिया सैंकड़ों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री कृष्ण प्रमाणी मंदिर के साथ मैदान में भार्गव समाज द्वारा शनि देव महाराज के भंडारे का आयोजन करवाया। हालांकि भंडारे से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ की लपटे खुले आसमान को छूमकर पर्यावरण को शुद्ध करने का काम कर रही थी। वहीं मंगलवार रात्री जागरण का आयोजन करवाया गया। जानकारी देते हुए भार्गव शनिदेव सेवा समिति के महाप्रबंधक विवेक राय, भक्त धर्मपाल, सतीश, भीम, कृष्ण, हरिऔम, जोगेंद्र, पवन कुमार, शंकर, धीरज, राहुल आदि ने बताया कि शनिदेव महाराज दुखों का विनाश करने वाले है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर निकाली रैली

**बहल।** जिला स्वास्थ्य विभाग ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय चैहड़खुर्द गांव में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली में स्कूली विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों, आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंगलवार को आयोजित रैली में एएनएम सुनील कुमारी ने कहा कि बेटियां दो घरों की चिराग होती हैं, उन्हें पढ़ाना और सम्मान देना हमारा फर्ज है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप की कार्वाई की मांग

# परीक्षा परिणाम और प्राचार्य की कार्यप्रणाली से ग्रामीण नाराज

गांव सोहांसरा में स्कूल का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू


भिवानी। सोहांसरा में गुस्साए ग्रामीण एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन देते हुए । फोटोः हरिभूमि

मंगलवार को उपमंडल के गांव सोहांसरा में सरपंच राजकुमार की अध्यक्षता में अनेक ग्रामीणों ने एकत्रित होकर गांव के राजकीय वमा विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों को असंतोषजनक बताते हुए नाराजगी जाहिर की है। यहीं नहीं ग्रामीणों ने स्कूल प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर भी एतराज जताया। स्कूल परिसर में ग्रामीणों को आश्वासन देने पहुंचे एसडीएम मनोज दलाल को ग्रामीणों ने शिकायत देकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि अभिभावकों व ग्रामीणों के साथ समुचित तालमेल कर शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। विद्यार्थियों का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सरपंच राजकुमार, समाजसेवी रमेश कौशिक, सुमित शर्मा, मनीष व बलवान आदि ने बताया कि विद्यालय में सभी विषयों का स्टाफ पूरा होने के बावजूद बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बेहतर नहीं रहा। ग्रामीणों ने प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और प्राचार्य का विद्यालय से स्तानांतरण करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि शिक्षा के स्तर में गिरावट आने के कारण विद्यालय में लगातार विद्यार्थियों की संख्या घट रही है।

विद्यालय का शैक्षिक माहौल में शीघ्र सुधार नहीं किया तो आने वाले समय में ग्रामीण ठोस कार्रवाई करने को मजबूर होंगे। ग्रामीण संदीप, प्रदीप, मुकेश, अनिल, ईश्वर सिंह, रमन, सुनील, कृष्ण, विक्रम व सत्यवान सहित अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एसडीएम मनोज दलाल को सौंपा।

ग्रामीणों ने एसडीएम से विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में सुधार करने और प्राचार्य का स्थानांतरण करवाने की मांग की। एसडीएम ने स्टाफ सदस्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्राचार्य के स्थानांतरण के मामले में भी समुचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

### एसडीएम ने स्कूल स्टाफ की ली बैठक

मंगलवार को एसडीएम मनोज दलाल ने सोहांसरा के राजकीय विद्यालय के स्टाफ सदस्यों की बैठक ली और कहा कि बच्चों को संस्कार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना अध्यापक का नैतिक दायित्व है और अध्यापन एक पुण्य का कार्य है। अध्यापकों को अपना नैतिक दायित्व समझते हुए समयबद्ध तरीके से अध्यापन कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को सही ढंग से पढ़ना चाहिए ताकि वे आगे चलकर अपने परिवार और देश का नाम रोशन कर सके।

# शनि जयंती पर हुआ हवन यज्ञ

- जीवन के कष्टों को दूर और ग्रह दोषों का निवारण करता हवनः चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। जोहड़ी हनुमान मंदिर में हवन में आहुति डालते अतिथि। फोटोः हरिभूमि

इस वर्ष शनि जयंती एक विशेष संयोग लेकर आई, जब अमावस्या और मंगलवार का संगम एक ही दिन हुआ। इस दुर्लभ योग के पावन अवसर पर स्थानीय हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शनि से कृपा और कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य यजमान डीएसपी अनुप कुमार व सिटी थाना एसएचओ सत्यनारायण पहुंचे तथा हवन में आहुति डालकर देश व दुनिया में शांति व भाईचारे की प्रार्थना की। यज्ञ कथाव्यास श्रीपाल दास महाराज, पंडित ताराचंद एवं अमरदीप शर्मा ने करवाया। कार्यक्रम में बालयोगी महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम मे प्रातःकाल से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महंत चरणदास ने बताया कि शनि जयंती अमावस्या को आती है, लेकिन जब यह मंगलवार को पड़े, तब यह अत्यंत फलदायक योग बनता है। यह शनि देव और हनुमान दोनों की कृपा प्राप्त करने का उत्तम अवसर होता है। ऐसे योग में किया गया हवन कष्टों को दूर करता है।

# ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- लोहारी जाटू को भिवानी जिले में रखे जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


गांव मंढाणा में आयोजित कार्यक्रम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपते गांव लोहारी जाटू की पंचायत पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

ग्रामीणों ने सरकार के प्रस्तावित हांसी जिला बनाए जाने व गांव लोहारी जाटू को उसमें शामिल करने की प्रस्तावित योजना को खारिज कर दिया। गांव लोहारी जाटू को भिवानी जिले में ही रखे जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत ने उपायुक्त महाबीर कौशिक को मांगपत्र सौंपा। इस पर उपायुक्त ने ग्राम पंचायत को जिला न बदलने तथा भिवानी में ही रखे जाने का भरोसा दिलाया। गांव के अनेक मौजिज लोग शाम के वक्त गांव मंढाणा पहुंचे। वहां पर उपायुक्त महाबीर कौशिक का रात्री ठहराव का कार्यक्रम तय था। देर शाम उपायुक्त महाबीर कौशिक गांव मंढाणा पहुंचे और लोगों की फरियाद सुनने लगे। इसी दौरान ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। इस पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सरकार हांसी को जिला बनाने की योजना बना रही है।

# पुलिस का सहयोग करेंः एसपी

- एसपी ने ली पैट्रोल पंप, ज्वैलर्स, बैंक अधिकारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी


चरखी दादरी। बैठक में सुरक्षा पर चर्चा करते एसपी अर्श वर्मा। फोटोः हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने मंगलवार को पैट्रोल पंप, ज्वैलर्स, बैंक अधिकारियों और सीएलजी कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और पुलिस सुरक्षा को दुरुस्त रखने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अपराध और अपराधियों पर रोक लगाने और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पैट्रोल पंप, ज्वैलरी शॉप और बैंकों में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी लगवाएं। यह सुनिश्चित करें कि वे सभी चालू हालत में हों। समय-समय पर उनकी जांच करते रहें और कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी उसकी मरम्मत करवाएं। कैमरों की डीवीआर की सेटिंग सुनिश्चित करें। डीवीआर का डेटा ऑनलाइन भी सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि कैमरे हर समय काम करते हैं। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप अपने कर्मचारियों की पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं। एसपी ने पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को पेट्रोल न दें। साथ ही वाहन एप का इस्तेमाल करें।

# देश की प्रगति युवाओं पर निर्भरःउपायुक्त

- पंचायत भवन में रिसोर्स पर्सन के लिए आयोजित हुई कार्यशाला
- रिसोर्स पर्सन को दिया नशा मुक्ति का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। नशा मुक्ति पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते उपायुक्त।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि देश की प्रगति युवाओं पर निर्भर है। युवा ही देश का भविष्य हैं। हमें युवाओं में आ रही नशे की प्रवृति को रोकना होगा। उपायुक्त कौशिक मंगलवार को पंचायत भवन में नशा मुक्ति पर रिसोर्स पर्सन के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष जोर है कि हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाया जाए। प्रदेशभर में जागरूकता के लिए साइक्लोथोन यात्रा भी निकाली गई हैं। इसी कड़ी में जिला में कवायद शुरू की गई है कि युवा पीढ़ी को किसी भी प्रकार के नशे की दलदल में जाने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अक्सर स्कूल के दौरान ही विद्यार्थी नशे की शुरुआत करते हैं, जो मजाक मजाक में शुरू करते हैं, लेकिन यही मजाक उनकी आदत बन जाती है। उन्होंने कहा कि हमें नशे की शुरुआती जड़ को ही समाप्त करना होगा। विद्यार्थियों को स्कूल में प्रार्थना के दौरान नशे से दूर रहने के बारे में समझाया जा सकता है। वर्कशाप में अपने विचार प्रकट करते हुए स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम से प्रशिक्षक के तौर पर आमंत्रित डॉ आदित्य कौशिक ने कहा कि समय के साथ साथ हमारी जीवन शैली में भी बदलाव होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सोच ही हमारे व्यवहार में परिवर्तित हो जाती है। फिर उसका प्रभाव समाज में पड़ने लगता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की संस्कृति और भारतीय संस्कृति में दिन-रात का फर्क है। हमारे यहां पेड़, पत्थर और पशु को भगवान के रूप में पूजा जाता है। ताउम्र अपने माता पिता की सेवा करते हैं।

### शिक्षण संस्थानों के बाहर पेंटिंग होंगे हैल्पलाइन नम्बर

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में विशेषकर स्कूल, कॉलेज और पॉलिटेक्निक के मुख्य द्वार के पास पेंटिंग से हेल्प लाइन नंबर लिखे जाएंगे, जिसके माध्यम से नशा करने वाले या नशा बेचने वाले या फिर नशा छोड़ने के बारे में सूचित किया जा सकता है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें : ब्रिगेडियर

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिसर में किया फायरिंग सिम्युलेटर केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कैडेटस। फोटोः हरिभूमि

एन.सी.सी. एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है। युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुचा जा सकता है। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिसर में फायरिंग सिम्युलेटर केंद्र के शुभारंभ अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी का प्रशासनिक निरीक्षण करने भिवानी पहुंचें एन सी सी ग्रुप रोहतक के ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न ने कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल युद्ध के समय अपितु समाज में साधारण परिस्थितियों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए राष्ट्र के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाती है। शुभारंभ अवसर पर एन सी सी ग्रुप रोहतक के ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न, 11 हरियाणा बटालियन एन सी सी के कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया,लेफ्टिनेंट कर्नल थॉमस कुटी,वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल,मेजर अनिल तंवर,लेफ्टिनेंट सन्नी पानु, लेफ्टिनेंट डॉ रीना,फर्स्ट ऑफिसर राजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहें।

11 हरियाणा बटालियन एन सी सी के कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है। तत्पश्चात सभी व्यवस्थाओं के दुरुस्त पाए जाने पर ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न ने 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया व उनकी समस्त टीम की सराहना की।

### निरीक्षण किया

आज ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न द्वारा कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश दहिया के नेतृत्व में 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी का प्रशासनिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तत्पश्चात ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न ने 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के सभी दस्तावेजों, रजिस्टरों एवं प्रशासनिक ढांचे का निरीक्षण किया व निरीक्षण में सभी आवश्यक दस्तावेज एवं कार्य प्रणाली दुरुस्त पाई गई

# भाजपा कोर ग्रुप की बैठक आयोजित

- सांगठनिक मजबूती एवं सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए। फोटोः हरिभूमि

जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की कोर गुरप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य तौर पर पूर्व प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष नारनौल दयाराम यादव पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर, बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, भिवानी प्रभारी रेणु डाबला, जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे।

कोर ग्रुप की बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और अन्य समसामयिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, सामाजिक मीडिया रणनीति, और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उपायों पर विचार किया गया।

बता दे कि 20 मई को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश छोटी टोली की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें जिला अनुसार प्रवास कार्यक्रम तय किए गए थे। जिसमें जिला कोर ग्रुप बैठक, मन की बात कार्यक्रम, तिरंगा यात्रा, सिंदूर यात्रा, अटल शताब्दी वर्ष, अहिल्याबाई होल्कर कार्यक्रम, एक देश-एक चुनाव, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, नगर निगम पार्षदों से चर्चा बारे ड्यूटियां लगाई थी।

# कांग्रेस नेता का किया स्वागत

- अपने दादा के आदर्शों पर चलकर तोशाम हल्के सहित पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास कार्य करवाना चाहता

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम


तोशाम। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को तोशाम हलके के विभिन्न गांव का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान उनके प्रति ग्रामीणों का जोश देखते ही बन रहा था और ग्रामीणों ने अनिरुद्ध चौधरी का अपने गांव में पहुंचने पर जोरदार नारों सहित फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने मंगलवार को तोशाम हलके के गांव लोहानी, टिटानी, हेतमपुरा आदि का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके दादा एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने पूरे हरियाणा में समान रूप से जो विकास कार्य करवाए उनका कोई मुकाबला नहीं है। उनके दादा की सोच दूरदर्शी थी प्रत्येक कार्य के लिए वह पूरे हरियाणा की जनता को समान रूप से देखते थे। कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि वह अपने दादा के आदर्शों पर चलकर ही तोशाम हल्के सहित पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास करवाना चाहते हैं। अनिरुद्ध का कहना था कि तोशाम हलके के लोगों के साथ तो उनका सदैव पारिवारिक रिश्ता रहा है।

## क्षेत्रवासियों के काम आएगा सुविधाओं से युक्त अग्रसेन भवनः सर्राफ

# अग्रसेन भवन भिवानी की शान होगाः गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। बढ़ते कदम पुस्तक का लोकार्पण करते पदाधिकारी व विशिष्ठ अतिथि।

श्रीअग्रसेन ट्रस्ट पिछले आठ वर्षो से भव्य एवं विशाल अग्रसेन भवन के निर्माण में गतिशील है, जो भिवानी की शान होगा, ये बात अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने अग्रवाल सम्मेलन एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पांच मंजिले अग्रसेन भवन में 200 गाड़ियों की स्टिल्ट पार्किंग, 2 बड़े मैरिज हॉल, एक थियेटर, कई छोटे हॉल व लगभग 80 कमरे बनाये गए हैं, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो गया, केवल आन्तरिक साज सज्जा का काम चल रहा है। सर्वप्रथम जयघोष व समाजवाद के प्रतीक महाराजा अग्रसेन की महिला मण्डल की बहनों ने आरती की। ट्रस्ट के महासचिव सुरेन्द्र जैन एडवोकेट ने गत मीटिंग की कार्यवाही का वाचन कर मीटिंग के एजेन्डे अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ की। भिवानी के विधायक व ट्रस्ट के संरक्षक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत अधिक खुशी है कि मेरे क्षेत्र में इतना विशाल, सार्वजनिक भवन बना है, जो न केवल भिवानी बल्कि आसपास के क्षेत्र के निवासियों के बड़े-बड़े कार्यक्रमों में काम आयेगा व हर तरह की सुविधाओं से युक्त होगा। ट्रस्ट के प्रधान रामदेव तायल ने नये दान दाताओं के नामों का उल्लेख कर उन्हें माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगठन मंत्री पवन गोयल ने दानदाताओं के नामों की जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित द्वितीय संस्करण बढ़ते कदम पुस्तक का पदाधिकारियों व विशिष्ठ लोगों ने लोकार्पण किया। प्रसिद्ध समाजसेवी बृजलाल सर्राफ ने भव्य भवन की विशेषताओं के साथ-साथ दान की महिमा का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्मेश शाह, प्रेम बासिया, सुन्दरलाल, देबूराम, पवन बहलिया, रवि गोयल, सुमित खेमका, सुभाष जैन, कैलाश गुप्ता, विजय किशन, हरीराम खिच्चुका, विजय लालावासिया, प्रवीण राजगढ़िया, दीपक बंसल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जल बचेगा तो हमारा जीवन बचेगाः कमल

**भिवानी।** प्रकृति में परिवर्तन होता जा रहा है, दिन प्रतिदिन गर्मी भीषण रूप धारण करती जा रही है, ये सब हमारे प्रकृति के साथ की जा रही छेड़खानी का परिणाम है, ये बात ढ़ाणा लाडनपुर में पौधरोपण अभियान चलाते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने उपस्थितजनों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि वायु प्रदुषण बढ़ता जा रहा है, जल का स्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है।

### सुनैना चौटाला और तनुजा कल भिवानी में

**भिवानी।** इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला तथा महिला प्रदेश अध्यक्षा तनुजा 29 मई को मिनी बाईपास स्थित इंद्राज गार्डन के सामने एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करने पहुंचेंगी। यह बैठक संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु व महिला जिला अध्यक्ष सरोज श्योराण ने बताया कि बैठक में इनेलो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को पार्टी की वर्तमान स्थिति, भविष्य की रणनीतियां तथा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला तथा महिला प्रदेश अध्यक्षा तनुजा संबोधित करेंगी।

### हवन-यज्ञ के साथ मनाई गई शनि जयंती

**तोशाम।** शनि जयंती के अवसर पर तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में पंडित रामकिशन महाराज के सानिध्य में हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान शनिदेव का भोग लगाकर प्रसाद भी वितरित किया गया। वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में आहुति देकर धर्म लाभ उठाया। उल्लेखनीय है कि तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में हर वर्ष शनि जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर शनि जयंती महोत्सव मनाया जाता है। इसी कड़ी में अबकी बार भी शनि जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में ज्योतिष आचार्य कुंजबिहारी शास्त्री ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ हवन-यज्ञ करवाया।

### मोबाइल वैन से किया जाएगा जागरूक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा जून माह में ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल वैन के माध्यम से कानून जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण जनों, विशेषकर समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना है।
प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया की देखरेख में ये शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### हनुमान मंदिर में शनिदेव जयंती पर भव्य आयोजन

**भिवानी।** शनिदेव जयंती के शुभ अवसर पर कोंट रोड़ स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर शनि पाठ, सुंदरकांड पाठ, हवन और भंडारे का आयोजन किया।

## छात्रों ने केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और सांसद धर्मबीर सिंह को सौंपा मांगपत्र

# राजकीय शिक्षण कॉलेज के सीबीएलयू में विलय के विरोध में उतरे विद्यार्थी

### बीएड कॉलेज का सीबीएलयू में विलय होने से गरीब विद्यार्थियों पर पड़ेगा अधिक आर्थिक बोझः प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व सांसद किरण चौधरी के नाम ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी व सांसद धर्मबीर सिंह के नाम उनके बेटे को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी।

एक तरफ प्रदेश सरकार हर 15 किलोमीटर की दूरी पर बेटियों के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय खोल रही हैं, ताकि बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित बनाया जा सकें, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार अपनी ही योजना के विपरीत चलते हुए राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विलय करने की योजना बना रही है, जिससे आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के बच्चों पर अधिक आर्थिक दबाव पड़ेगा। राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को सीबीएलयू में विलय न किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को छात्र नेता प्रवीण बूरा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह के नाम उनके निवास पर उनके प्रतिनिधियों को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपते हुए छात्र नेता प्रवीण बूरा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा में भिवानी व नारनौल में मात्र दो राजकीय शिक्षण महाविद्यालय ही चल रहे है, जिनमें से भिवानी के राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विलय करने के बारे में विश्वविद्यालय व विभागीय स्तर पर प्रक्रिया चल रही है, जो छात्र विरोधी कदम है। इस प्रक्रिया को तुरंत प्रभाव से रद कर भिवानी के बीएड महाविद्यालय का सीबीएलयू में विलय नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में प्रदेश के सभी जिलों से हर वर्ग के बच्चे न्यूनतम फीस में मेरिट आधार पर दाखिला लेते है।

उन्होंने कहा कि सेल्फ फाइनसेंस व निजी शिक्षण महाविद्यालयों की दोनों वर्षो की कुल फीस करीबन एक लाख रूपये है, जबकि इस महाविद्यलय की कुल फीस 34 हजार 500 रूपये है, जिससे आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के बच्चों पर कम आर्थिक बोझ पड़ता है। इस अवसर पर हिमांशु, रोहित, मोहित, देव, जतिन, हरीश, पुनीत, नीरज, अशोक, दीपांशु, मोहित, अशोक, दीपांशु, पंकज, मोहित, दीपक, पुनीत, प्रियांशु, चिंतन, यश, करण, अर्जुन, यमन शर्मा सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।

### पहले भी हो चुका है विलय

बूरा ने कहा कि वर्ष 2014 में सीबीएलयू की स्थापना होने के उपरांत इस महाविद्यालय को उक्त विश्वविद्यालय में विलय कर दिया गया था, लेकिन तत्काल मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपरोक्त बिंदुओं को मध्यनजर रखते हुए वर्ष 2015 में उक्त शैक्षणिक महाविद्यालय को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से निकालकर वापस राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का दर्जा दे दिया था। राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को सीबीएलयू में विलय न करके सीबीएलयू अपने स्तर पर नए भवन में अलग से शिक्षण महाविद्यालय या विभाग स्थापित करें, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को फायदा मिल सकें।



भिवानी। माता रमाबाई आंबेडकर को नमन करते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।

## माता रमाबाई आंबेडकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

- माता रमाबाई ने समाज को एकता और शिक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हनुमान गेट स्थित स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की धर्मपत्नी माता रमाबाई आंबेडकर की पुण्यतिथि पर सर्वसमाज के लोगों ने एकत्रित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उनके समाजहित में किए गए कार्यों को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, स्वामी जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति से साधुराम डाबला, सुरेश किराड़ व पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर न केवल डॉ. आंबेडकर की जीवन संगिनी थीं, बल्कि उनके सामाजिक आंदोलनों की मजबूत आधारशिला भी थीं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी डॉ. आंबेडकर को जीवनभर सहयोग दिया और समाज सुधार की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैनी व प्रजापति ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज और राष्ट्र के होते हैं, ऐसे महान व्यक्तियों की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर समाज में एकता, सद्भावना और प्रेरणा का वातावरण निर्मित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित बनाएं, क्योंकि शिक्षा ही वह मार्ग है जो हमें हमारे अधिकारों तक पहुंचने और एक सशक्त समाज निर्माण में सक्षम बनाता है।

उन्होंने कहा कि जब समाज शिक्षित होगा, तभी सशक्त और जागरूक बन पाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र किराड़, बबलू डाबला, आकाश मेहरा, मुकेश गुलाटी, मामन सैनी, सुरेन्द्र कुमार, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल की बूंद-बूंद बचाना जरूरी: निदेशक तंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

कायला स्थित राजकीय वमा विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर बीते दिनों हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए 12वीं तथा 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि नीति आयोग की विभागीय निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय की निदेशक डॉ. रचना तंवर एवं सहायक निदेशक नाग भूषण ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सुखविंद्र सांगवान ने की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का प्राचार्य सुखविंद्र सांगवान ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को अटल भूजल एवं जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा पानी को व्यर्थ न बहाने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य सांगवान ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं में उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं से 4 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया वहीं 10वीं के परीक्षा परिणाम में 8 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया था।

## ग्रामीण गांव की स्वच्छता पर ध्यान देंः डीसी

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान हुई कुश्ती प्रतियोगिता और चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मंढाणा में आयोजित कार्यक्रम में परिचय लेकर कुश्ती शुरू करवाते हुए।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि किसी भी गांव के विकास में ग्रामीणों का सहयोग बहुत जरूरी होता है। सरकार के साथ-साथ गांव का विकास ग्रामीणों की भूमिका पर निर्भर है। ऐसे में ग्रामीण गांव की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव में पानी का कोई अवैध कनेक्शन नहीं होना चाहिए ताकि प्रत्येक घर में पीने का पर्याप्त पानी पहुंच सके। इसके लिए ग्रामीण और जनस्वास्थ्य विभाग आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें। उपायुक्त कौशिक सोमवार देर रात को गांव मंढाणा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपना संदेश दे रहे थे। गांव मंढ़ाणा उपायुक्त महावीर कौशिक के पूर्वजों का गांव है, यानि उपायुक्त के परिवार का निकास गांव मंढ़ाणा से ही है।

उपायुक्त ने कहा कि अपनी मातृ भूमि को कभी नहीं भूलना चाहिए। उपायुक्त ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान से की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

### नशे से दूर रहें

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान कुश्ती खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से उनका परिचय लिया। इस दौरान उपायुक्त ने युवाओं से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। नशा भविष्य को बर्बाद कर देता है। नशे से स्वास्थ्य के साथ-साथ धन की भी हानि होती है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी एक खेल में रुचि रखने का भी आह्वान किया। रात्रि ठराव कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक लोगों ने उपायुक्त के साथ अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग, सडक्र निर्माण, व्हीलचेयर दिलवाने, तालाब पर गऊ घाट बनवाने, मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने, पंचायत घर बनवाने, घरों में पेयजल पाइपलाइन पर लगे अवैध मोटर हटवाने आदि की शिकायतें रखीं।



चरखी दादरी। बच्चों को सम्मानित करते संचालक रविंद्र वशिष्ठ।

### सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में रवि इंडियन कोचिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**चरखी दादरी।** सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा परिणामों में नगर के रवि इंडियन कोचिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने असाधारण प्रदर्शन से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। संचालक रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने न केवल सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं, बल्कि हरियाणा में शीर्ष रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया है। आज सभी सफलता पाने वाले बच्चों को फूल माला पहनाते हुए सम्मानित किया गया व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संचालक रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि हर्ष तंवर ने 376 अंकों के साथ जनरल कैटेगरी में हरियाणा में तीसरी रैंक हासिल की। इसी प्रकार दीपांशु मंडोली और प्रिंस ने 370 अंकों के साथ 10वीं रैंक पर अपना नाम दर्ज करवाया। डिफेंस कैटेगरी में विक्की ने 368 अंकों के साथ तीसरी रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

## विद्यार्थी संसद बैठक का आयोजन

- भिवानी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने कैबिनेट व सर्वदलीय कमेटी की बैठक के बनाए मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। भिवानी पब्लिक स्कूल में कैबिनेट व सर्वदलीय कमेटी की बैठक में उपस्थित विद्यार्थी।

सेक्टर 14 स्थित भिवानी पब्लिक स्कूल में विभिन्न कक्षाओं के 42 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के लिए एकजुट होकर देश की सुरक्षा के लिए कैबिनेट व सर्वदलीय बैठक के मॉडल का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न राजनीतिक दलों जैसे भारत की प्रमुख खुफिया एजेंसी, नेवी, आर्मी प्रमुख की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थी संसद बैठक का आयोजन किया।

बच्चों ने सत्तापक्ष, विपक्ष, अध्यक्ष एवं अन्य दलों की महत्तवपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। सर्वप्रथम बैठक का शुभारंभ विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा की अध्यक्षता में विशिष्ठ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। बैठक को दो भागों में विभाजित किया गया। कैबिनेट बैठक में छात्रों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने देश भारत से आतंकवाद को समाप्त करने, देश की सुरक्षा को लेकर चर्चा की और सुझाव दिए कि कैसे देश को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीय सेना के साहस और बलिदान को परिभाषित करना भी बैठक का उद्देश्य रहा। छात्रों ने देश के विकास के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए और सुझाव दिए कि कैसे देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। विद्यालय सचिव पुलकित पाहुजा ने कहा कि बैठक का उद्देश्य बच्चों को नेतृत्व कौशल, लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद कौशल और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में मदद करना है। बैठक में एडवोकेट बीबी जैन, डॉ. केडी शर्मा, परमानंद सैनी, डॉ. कमला भारद्वाज, एसडीएम महेश कुमार, एनएस यादव, परमानंद सैनी, रामावतार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शहीद पुण्य आत्माओं के सम्मान में किया भजन कीर्तन एवं मंगल पाठ

**भिवानी।** मंगलवार और अमावस्या के पवित्र संयोग के दिन भारत माता सेवा मंडल ने एमसी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में शहीद पुण्य आत्माओं के सम्मान में भजन कीर्तन और मंगल पाठ किया। इस अवसर पर हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष पंडित बालकृष्ण शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ भीष्म सचदेवा, अशोक जूसवाला, महावीर तेनेजा, ने द्वीप प्रज्वलित किया। गायक कलाकार जुगनू पेंटर, सतीश कथूरिया, देवेश गोयल, पदम सिंह चौहान, मोनू डाबला, महेश नारंग ने झांझ मंजीरा, हारमोनियम और ढोलक की थाप पर पुण्य आत्माओं के सम्मान में भजनों की प्रस्तुति दी। भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष अधिवक्ता पदमसिंह चौहान, संरक्षक पूर्णमल शर्मा, गणपत जसूजा व सुमेर सैनी ने कहा कि पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों एवं सेना के शहीद हुए जवानों की पुण्य आत्माओं को मंडल ने सैल्यूट किया। सेना के जवान बर्फीली पहाड़ियों, भयंकर जंगलों, आंधी तूफान, बारिश व गर्मी सर्दी को सहन कर हमारी हिफाजत में लगी रहते हैं।

## परिवार नियोजन ऑपरेशन करवाने पहुंची महिलाएं, दो घंटे इंतजार करना पड़ा

# महिलाओं ने ऑपरेशन थियेटर के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। ऑपरेशन थियेटर के सामने प्रदर्शन करती महिलाएं।

चरखी दादरी के सामान्य अस्पताल में परिवार नियोजन ऑपरेशन करवाने पहुंची महिलाओं ने सर्जन चिकित्सक नहीं होने पर आशा वर्कर की प्रदेश उपाध्यक्ष ने जमकर बवाल काटा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पर्ची काटने के बाद घंटों तक उनको बैठाए रखा और बाद में सर्जन चिकित्सक नहीं होने और ऑपरेशन नहीं होने की बात कही, जिसके बाद महिलाओं ने ऑपरेशन थियेटर के सामने ही विरोध प्रदर्शन किया। बाद में मामला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद महिलाओं के ऑपरेशन किए गए। ज्ञात रहे कि दादरी नागरिक अस्पताल में परिवार नियोजन ऑपरेशन के लिए मंगलवार व वीरवार निर्धारित हैं। मंगलवार को दर्जनों महिलाएं ऑपरेशन के लिए पहुंची थी। अस्पताल में महिलाओं की पर्ची काटी गई और बैठा दिया। करीब तीन घंटे बाद उन्हें बताया कि आज सर्जन चिकित्सक नहीं होने के कारण ऑपरेशन नहीं होंगे, जिसके बाद महिलाओं ने आशा वर्कर यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश भैरवी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कमलेश भैरवी ने जब सर्जन चिकित्सक नहीं होने की बात सामने आई तो सीएमओ कार्यालय पहुंची, लेकिन नहीं मिले।

### महिलाओं को करती है मोटिवेट

कमलेश भैरवी ने कहा कि परिवार नियोजन ऑपरेशन के लिए आशा वर्कर महिलाओं को मोटिवेट करती हैं और निर्धारित दिन ऑपरेशन के लिए अस्पताल लेकर आती हैं। इस दौरान सर्जन चिकित्सक नहीं होने के कारण ऑपरेशन नहीं होता। महिलाओं को मजबूरी में निजी अस्पताल या दूसरे जिलों के सामान्य अस्पताल में ऑपरेशन करवाना पड़ता है। कई बार महिलाएं निर्धारित दिन में ऑपरेशन नहीं होने पर मन बदल लेती हैं और बार बार चक्कर लगाने के चक्कर में मना कर देती हैं।

### विद्यार्थियों की वर्ष भर की मेहनत को प्रोत्साहित करता सम्मान समारोह

**भिवानी।** गांव कोंट स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान बीते दिनों हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 10वी व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि पूर्व प्रवक्ता संजय कुमार ने शिरकत की तथा अध्यक्षता प्राचार्य जगदीशचंद्र ने की। इस मौके पर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी मेहनत एवं लग्न की प्रशंसा करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन भौतिक प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा ने किया। प्राचार्य जगदीशचंद्र ने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 28 तथा कक्षा 10वीं में 9 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान बनाया, जिनके सम्मान में समारोह आयोजित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह विद्यार्थियों की वर्ष भर की मेहनत का सम्मान है, इससे सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और भी अधिक मेहनत करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत से उस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। इस अवसर पर सतीश चौहान, सुषमा, जय भारती, सुमन, गजानंद पीटीआई, सत्यनारायण, अनिल व विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612